लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023

PAGE NO, 07, BOTTOM

अंग्रेजों ने आजाद हिंद फौज के जांबाजों को बनाया देशद्रोह का आरोपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : तीसरे थिएटर फेस्टिवल के दूसरे दिन गुरुवार को श्रीराममूर्ति स्मारक रिद्धिमा के सभागार में पैरोट्स ट्रूप्स नई दिल्ली की ओर से लाल किले का आखिरी मुकदमा नाटक का मंचन किया गया।

मृणाल माथुर द्वारा लिखित और डॉ. एम सईद आलम निर्देशित इस नाटक में कलाकारों ने दिखाया कि तीन विचाराधीन कैदियों- मेजर जनरल शाहनवाज खान, कर्नल जीएस ढिल्लो और लेफ्टिनेंट कर्नल पीके सहगल पर देशद्रोह के आरोप में मुकदमा चल रहा है। ये तीनों अपनी कोठरी में हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी के इन तीनों सदस्यों पर अंग्रेजों ने देशद्रोह का आरोप लगाया है। मुकदमे की सुनवाई लाल किले में हुई। धीरे- धीरे लोगों को जब मुकदमे के बारे में पता लगा तो इसके खिलाफ आंदोलन भी होने लगा। भूला भाई देसाई इनके वकील हैं, जो बीच- बीच में चीजें भूल जाते हैं। नाटक में उनके द्वारा किए गए उत्साही बचाव पर भी प्रकाश डाला गया। दोनों पक्षों के वकीलों की अंतिम बहस के बाद नाटक समाप्त हो जाता है।

रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

● एसआरएमएस रिद्धिमा में दूसरे दिन लाल किले का आखिरी मुकदमा नाटक का हुआ मंचन

नाटक में तनुल भारतीय ने (सुभाष चंद्र बोस), मृणाल माथुर ने (भूला भाई देसाई) यश मल्होत्रा ने (कर्नल पीके सहगल), रोहित सोनी ने (कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लो) और डा. एम सईद आलम ने (जनरल शाहनवाज खान) की भूमिका निभाई। इससे पहले मुख्य अतिथि यूबी एरिया बरेली के मेजर जनरल देवनाथ ने चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. रीता शर्मा, राम अवतार आहूजा आदि रहे।